- ऐसे ही यण् प्रत्याहार में माहेश्वर सूत्र 'हयवरट्' के य से शुरू करेंगे और 'लण्' के ण् पर समाप्त कर देंगे और अन्तिम हलन्त वर्ण (ण) को प्रत्याहार में नहीं लिखते है ।
- यण् प्रत्याहार में वर्ण है - य, व, र, ल्

अनुस्वार (•)

- अनुस्वार स्वर के बाद आने वाला व्यंजन है। इसकी ध्वनि नाक से निकलती है ।

- अनुस्वार (•) का प्रयोग पंचम वर्णो (ङ्, ञ, ण्, न्, म् - ये पंचमाक्षर कहलाते हैं) के स्थान पर किया जाता है।

अनुस्वार को पंचाक्षर में बदलने का नियम

अनुस्वार के चिह्न के प्रयोग के बाद आने वाला वर्ण जिस वर्ग का होगा अनुस्वार का चिह्न उसी वर्ग के पंचम वर्ण का स्थान लेगा तथा उसी की उच्चारण ध्वनि निकालेगा।

वर्णमाला के पाँच वर्ग

- **'क' वर्ग** **क, ख, ग, घ, ङ**
- **'च' वर्ग** **च, छ, ज, झ, ञ**
- **'ट' वर्ग** **ट, ठ, ड, ढ, ण**
- **'त' वर्ग** **त, थ, द, ध, न**
- **'प' वर्ग** **प, फ, ब, भ, म**

उदहारण-

चंचल = चञ्चल

यहाँ पर अनुस्वार (◌ं) के चिह्न के प्रयोग के बाद 'च' वर्ग का वर्ण 'च' है। अतः यहाँ अनुस्वार का चिह्न (◌ं) 'ञ' यानि 'च' वर्ग के पंचम वर्ण का उच्चारण कर रहा है।

अन्य उदहारण

- **गङ्गा- गंगा**
- **चञ्चल - चंचल**
- **झण्डा - झंडा**

- कम्पन - कंपन

अनुस्वार शब्द

संबंध, सुन्दर, संस्कृति, संपूर्ण, आनंद आदि।

अनुनासिक

अनुनासिक स्वरों के उच्चारण में मुँह से अधिक तथा नाक से बहुत कम साँस निकलती है। इन स्वरों पर चन्द्रबिन्दु (ँ) का प्रयोग होता है जो की शिरोरेखा के ऊपर लगता है।

जैसे- गाँव, आँख, कुआँ, माँ, आदि।

अनुनासिक शब्द

चाँद, काँच, अँधेर, पहुँच, ऊँचाई, टाँग, पाँच, साँस, मँहगाई, आदि।

अनुस्वार और अनुनासिका में अंतर

- अनुनासिका स्वर है जबकि अनुस्वार मूलत: व्यंजन।
- अनुनासिका (चंद्रबिंदु) को परिवर्तित नहीं किया जा सकता, जबकि अनुस्वार को वर्ण में बदला जा सकता है।
- अनुनासिका का प्रयोग केवल उन शब्दों में ही किया जा सकता है जिनकी मात्राएँ शिरोरेखा से ऊपर न लगी हों। जैसे अ, आ, उ ऊ, उदाहरण के रूप में - हँस, चाँद, पूँछ
- शिरोरेखा से ऊपर लगी मात्राओं वाले शब्दों में अनुनासिका के स्थान पर अनुस्वार अर्थात बिंदु का प्रयोग ही होता है. जैसे- गोंद, कोंपल, जबकि अनुस्वार हर तरह की मात्राओं वाले शब्दों पर लगाया जा सकता है।

- अनुस्वार बिन्दु वाले शब्द में नाक का प्रयोग अधिक होता है। जबकि अनुनासिका (चंद्रबिंदु) वाले शब्द में नाक का प्रयोग काम होता है।

संस्कृत समास

- दो या दो से अधिक पदों का एक पद हो जाना, समास कहलाता है ।
- समास' शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है 'छोटा - रूप'।

समास छः प्रकार के होते हैं-

- अव्ययीभाव समास,
- तत्पुरुष समास
- द्वन्द्व समास
- बहुब्रीहि समास
- द्विगु समास
- कर्म धारय समास

अव्ययीभाव समास :- इसमें पहला पद प्रधान होता है। इसमें पहला पद या पूरा पद अव्यय होता है। (वे शब्द जो लिंग, वचन, कारक, काल के अनुसार नहीं बदलते, उन्हें अव्यय कहते हैं)

अव्ययीभाव समास के उदाहरण

- विभक्ति
  - हरौ इति = अधिहरि (हरि में) ।
  - आत्मनि इति = अध्यात्म (आत्मा में) ।

- समीप
  - नद्या: समीपम् = उपनदम् (नदी के समीप)
  - नगरस्य समीपम् = उपनगरम् (नगर के समीप)
- समृद्धि
  - मद्राणां समृद्धि = सुमन्द्रम् (मद्रवासियों की समृद्धि)
  - भिक्षाणां वृद्धि = दुर्भिक्षम् (भिक्षा का अभाव)

तत्पुरुष समास :- इसमें उत्तरपद के अर्थ की प्रधानता रहती है। जैसे :- राज्ञ: पुरुष: - राजपुरुष: (राजा का पुरुष) । यहाँ उत्तर पद 'पुरुष:' है, उसी की प्रधानता है।

तत्पुरुष समास के प्रकार

- समानाधिकरण तत्पुरुष
- व्यधिकरण तत्पुरुष

समानाधिकरण तत्पुरुष :- इसमें पूर्वपद तथा उत्तरपद की समान विभक्ति होती है। कर्मधारण एवं द्विगु समानाधिकरण तत्पुरुष के उदहारण है।

व्यधिकरण तत्पुरुष :- व्यधिकरण तत्पुरुष के पूर्वपद द्वितीया से लेकर सप्तमी विभक्ति तक में होता है और उत्तरपद प्रथमा विभक्ति में। जिस विभक्ति में पूर्वपद होता है उसी नाम से तत्पुरुष कहा जाता है।

व्यधिकरण तत्पुरुष के प्रकार

- द्वितीया तत्पुरुष

- तृतीया तत्पुरुष
- चतुर्थी तत्पुरुष
- पंचमी तत्पुरुष
- षष्ठी तत्पुरुष
- सप्तमी तत्पुरुष

द्वितीया तत्पुरुष :- इसमें प्रथम पद में द्वितीया विभक्ति रहती है, जो समास होने के बाद लुप्त हो जाती है।

द्वितीया तत्पुरुष समास के उदाहरण

समास-विग्रह	समस्तपद	हिन्दी अर्थ
जीवनप्राप्तः	जीवनम् प्राप्त	(जीवन को प्राप्त)
सुखापन्नः	सुखम् आपन्नः	(सुख को पाया हुआ)
कूपपतितः	कूपम् पतित	(कुएँ में गिरा हुआ)

तृतीया तत्पुरुष समास :- तृतीयान्त शब्द या उसके अर्थ से किये हुए गुणवाचक शब्द के साथ और अर्थ के साथ समास होता है।

यदि पहला पद कर्ता हो और तृतीया विभक्ति से युक्त हो या पहला पद करण कारक में हो और दूसरा पद कृदन्त तो इन दोनों का तृतीया तत्पुरुष समास होता है।

तृतीया तत्पुरुष समास के उदाहरण

समास विग्रह	समस्तपद	हिन्दी अर्थ
दानेन अर्थः	दानार्थः	दान से प्रयोजन
बाणेन बेधः	बाणवेधः	बाण से वेधा हुआ
नखैः भिन्नः	नखभिन्नः	नखों से भिन्न किया गया
गुडेन मिश्रः	गुडमिश्रः	गुड़ से मिला हुआ

चतुर्थी तत्पुरुष समास :- इस समास में पहला पद चतुर्थी विभक्ति में रहता है।

चतुर्थी तत्पुरुष समास के उदाहरण

समास-विग्रह	समस्तपद	हिन्दी अर्थ
पित्रे सुखम	पितृसुखम्	पिता के लिए सुख

गवे रक्षितम्	गोरक्षितम्	गाय के लिए रखा गया।

पंचमी तत्पुरुष समास :- इस समास में पहला पद पंचमी विभक्ति युक्त होता है। पंचम्यन्त का भाववाचक सुबन्त के साथ विकल्प से समास होता है। यह तत्पुरुष समास कहलाता है। जैसे :-

चोरात् भयम् = चौरभयम् = चोर से भय

पंचमी तत्पुरुष समास के उदाहरण

समास विग्रह	समस्तपद	हिन्दी अर्थ
आचारत् भ्रष्टः	आचार भ्रष्टतः	आचारण से भ्रष्ट
प्रेतात् भीतिः	प्रेतभीतिः	प्रेत से डर
वृक्षात् पतितः	वृक्षपतितः	वृक्ष से गिरा हुआ
गृहात निर्गतः	गृहनिर्गतः	घर से निकला हुआ

षष्ठीतत्पुरुष समास :- षष्ठ्यन्त पद का सुबन्त के साथ समास होता है। और वह षष्ठी तत्पुरुष कहलाता है।

षष्ठी तत्पुरुष समास के उदाहरण

समास - विग्रह	समस्तपद	हिन्दी अर्थ
राज्ञः पुरुषः	राजपुत्रः	राजा का पुत्र
गंगायाःजलम्	गंगाजलम्	गंगा का जल
राष्ट्रस्य पतिः	राष्ट्रपतिः	राष्ट्र का पति / स्वामी
देवानां भाषा	देवभाषा	देवभाषा

सप्तमी तत्पुरुष समास :- इसमें पूर्वपद सप्तम्यन्त रहता है। सप्तमी शौण्डैः- सप्तम्यन्त शौण्ड (चालाक / धूर्त। निपुण) आदि शब्दों के साथ सदा सप्तमी तत्पुरुष समास होता है।

सप्तमी तत्पुरुष समास के उदाहरण

समास विग्रह	समस्तपद	हिन्दी अर्थ
दाने वीरः	दानवीरः	दान में वीर
कर्मणि कुशलः	कर्मकुशलः	कर्म में कुशल
कलायां कुशलः	कलाकुशलः	कला में कुशल
शास्त्रे प्रवीणः	शास्त्रप्रवीणः	शास्त्र में प्रवीण

द्वन्द्व समास :- जहाँ समास में प्राय: दोनों पदों का अर्थ प्रधान होता है, वह द्वन्द्व समास कहलाता है। जहाँ पर दो या अधिक शब्दों का इस प्रकार समास हो कि उसमें च (और) अर्थ छिपा हो तो वह 'द्वन्द्व' समास होता है। द्वन्द्व समास की पहचान है कि जहाँ अर्थ करने पर बीच में 'और' अर्थ निकले।

उदहारण

- रामश्च कृष्णश्च = रामकृष्णौ (राम और कृष्ण)
- जननं च मरणं च = जननमरणौ (जन्म और मरण)
- माता च पिता च = मातापितरौ (माता और पिता)

बहुव्रीहि समास :- इस समास में न तो पूर्व पद की प्रधानता होती है और न ही उत्तर पद की, इसमें दोनों पद मिलकर अन्य पद का बोध कराते हैं। समस्त पद का प्रयोग अन्य पदार्थ के विशेषण के रूप में होता है। जैसे-

- पीतम् अम्बरं यस्य सः = पीताम्बरः (विष्णु) ।
- पीला है वस्त्र जिसका वह = पीताम्बर, अर्थात् विष्णु ।
- दशानन = दश हैं आनन जिसके (रावण)
- गजानन = गज के समान मुख वाले (गणेशजी)
- चतुर्भुज = चार हैं भुजाएं जिसकी (विष्णु)

द्विगु समास :- जब कर्मधारय समास का पूर्वपद संख्यावाची तथा उत्तरपद संज्ञावाचक होता है, तब वह 'द्विगु समास' कहलाता यह समास प्रायः समूह अर्थ में होता है।

इसके विग्रह में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण

- सप्तानां ऋषीणां समाहारः इति = सप्तर्षिः (सात ऋषियों का समूह)
- नवरत्न = नौ रत्नों का समूह
- नवरात्र = नौ रात्रियों का समाहार
- दशक = दश का समाहार
- शतक = सौ का समाहार

कर्मधारय समास :- कर्मधारय समास को समानाधिकरण तत्पुरुष भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें दोनों पद समान विभक्ति वाले होते हैं। इसमें विशेषण / विशेष्य तथा उपमान / उपमेय होते हैं।

उदाहरण

समास विग्रह	समस्तपद	हिन्दी अर्थ
महान् कविः	महाकविः	महाकवि
नीलम् उत्पलम्:	नीलोत्पलम्	नीला कमल
महान् पुरुषः	महापुरुषः	महान् पुरुष

महान् जनः	कृष्णः सर्पः	बड़े आदमी
महाजनः	कृष्णसर्पः	काला साँप

उपसर्ग

वे शब्दांश जो किसी मूल शब्द के पहले लगकर नये शब्द का निर्माण करते है, उन्हें उपसर्ग कहते है। स्वतंत्र रूप से इनका कोई अर्थ नहीं होता लेकिन किसी अन्य शब्द के साथ जुड़कर ये अर्थ में विशेष परिवर्तन ला देते है।

संस्कृत में 22 उपसर्ग होते है।

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
अति	अधिक / परे	अत्यन्त, अतीव, अतीन्द्रिय, अत्यधिक, अत्युत्तम
अधि	मुख्य / श्रेष्ठ	अधिकृत, अध्यक्ष, अध्यादेश, अध्ययन, अध्यापक
अनु	पीछे / समान	अनुज, अनुरूप, अन्वय, अन्वीक्षण, अनूदित, अनुच्छेद
अप	विपरीत / बुरा	अपव्यय, अपकर्ष, अपशकुन, अपेक्षा
अभि	पास / सामने	अभिभूत, अभ्युदय, अभ्यन्तर, अभ्यास, अभीष्ट

अव	बुरा / हीन	अवज्ञा, अवतार, अवकाश, अवशेष
आ	तक / से	आघात, आगार, आगम, आमोद, आतप
उत्	ऊपर / श्रेष्ठ	उज्जवल, उदय, उत्तम, उद्धार, उच्छ्वास, उल्लेख
उप	समीप	उपवन, उपेक्षा, उपाधि, उपहार, उपाध्यक्ष
दुर्	बुरा / कठिन	दुरूह, दुर्गुण, दुरवस्था, दुराशा, दुर्दशा
दुस्	बुरा / कठिन	दुष्कर, दुस्साध्य, दुस्साहस, दुश्शासन
नि	बिना / विशेष	न्यून, न्याय, न्यास, निकर, निषेध, निषिद्ध
निर्	बिना / बाहर	निरामिष, निरवलम्ब, निर्धन, नीरोग, नीरस, नीरीह
निस	बिना / बाहर	निश्छल, निष्काम, निष्फल, निस्सन्देह
प्र	आगे / अधिक	प्रयत्न, प्रारम्भ, प्रोज्जवल, प्रेत, प्राचार्य, प्रार्थी
प्रति	प्रत्येक	प्रत्येक, प्रतीक्षा, प्रत्युत्तर, प्रत्याशा, प्रतीति
वि	विशेष / भिन्न	विलय, व्यर्थ, व्यवहार, व्यायाम, व्यंजन, व्यूह
सु	अच्छा / सरल	सुगन्ध, स्वागत, स्वल्प, सूक्ति, सुलभ

सम्	पूर्ण / शुद्ध	संकल्प, संशय, संयोग, संलग्न, सन्तोष
अन्	नहीं / बुरा	अनुपम, अनन्य, अनीह, अनागत, अनुचित, अनुपयोगी
परा	पीछे / अधिक	पराक्रम, पराविद्या, परावर्तन, पराकाष्ठा
परि	चारों ओर	पर्याप्त, पर्यटन, पर्यन्त, परिमाण, परिच्छेद, पर्यावरण

प्रत्यय

प्रत्यय वे शब्द हैं जो दूसरे शब्दों के अन्त में जुड़कर अपनी प्रकृति के अनुसार, शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

संस्कृत प्रत्यय के प्रकार :-

- कृत प्रत्यय
- तद्धित प्रत्यय
- स्त्री प्रत्यय

कृत प्रत्यय :- वे प्रत्यय जो क्रिया या धातु के अंत में लगकर एक नए शब्द बनाते हैं उन्हें कृत प्रत्यय कहा जाता है। कृत प्रत्यय से मिलकर जो प्रत्यय बनते है उन्हें कृदंत प्रत्यय कहते हैं। ये प्रत्यय क्रिया और धातु को नया अर्थ देते हैं। जैसे:-

- लेख + अक = लेखक
- पाठ + अक = पाठक
- पठ + अन = पठन

तद्धित प्रत्यय :- जो प्रत्यय धातुओं को छोड़कर अन्य सभी शब्दों (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि) के अंत में जोड़े जाते है, तद्धित प्रत्यय कहलाते हैं। इन्हें तद्धितान्त (तदधितांत प्रत्यय) प्रत्यय भी कहते हैं।

तद्धित प्रत्यय के उदाहरण,

- धन + मतुप् = धनवान्,
- शिव + अण् = शैव:
- इन्द्र + अण् = ऐन्द्र

स्त्री प्रत्यय :- स्त्रीलिंग बनाने वाले प्रत्ययों को ही स्त्री प्रत्यय कहते हैं। स्त्री प्रत्यय धातुओं को छोड़कर अन्य शब्दों संज्ञा विशेषण आदि सभी के अंत में जुड़े होते हैं।

जैसे :-

- सूर्य + चाप् = सूर्या
- अज + टाप् = अजा
- कोकिल + टाप् = कोकिला
- नर्तक + डीष् = नर्तकी
- गौर + डीष् = गौरी

धातु रूप

संस्कृत व्याकरण में क्रियाओं (verbs) के मूल रूप को धातु कहते हैं। धातु ही संस्कृत शब्दों के निर्माण के लिए मूल तत्त्व है। जैसे पठ् या लिख धातु है इनसे पठति, लिखतु आदि क्रियापद बनते हैं।

क्रिया के काल इस प्रकार हैं

- जिस क्रिया से वर्तमान काल का बोध होता है, उसमें लट् लकार आता है। जैसे - छात्रः पठति (छात्र पढ़ते है) ।
- जिस क्रिया से आज्ञा देने का बोध हो उसमे लोट् लकार आता हैं। जैसे - सः पठतु (वह पढ़े), त्वम् पठ (तुम पढ़ो) आदि ।
- भूतकाल के लिए लड़ लकार आता है। इसमें धातु से पहले 'अ' जुड़कर क्रिया-पद बनता है। जैसे- सः अपठत् (उसने पढ़ा), । चाहिए', प्रार्थना या निवेदन करने के अर्थ में विधिलिङ् लकार प्रयुक्त होता है। जैसे- सः पठेत् (उसे पढ़ना चाहिए)
- सामान्य भविष्यत् काल में लृट् लकार का प्रयोग किया जाता है। इसमें सेट् धातुओं में 'स्य' तथा अनिट् धातुओं में 'इस्य' लगता है। जैसे पठिष्यति, भविष्यति, दास्यामि, वक्ष्यसि आदि । सः पठिष्यति (वह पढ़ेगा) अहं पठिष्यामि आदि ।

लकार के पुरुष

प्रत्येक लकार के तीन पुरुष होते हैं-

- प्रथम पुरुष या अन्य पुरुष,
- मध्यम पुरुष
- उत्तम पुरुष

प्रथम पुरुष:- जिसके विषय में कहा जाता है, वह **प्रथम पुरुष या अन्य पुरुष** होता है। जैसे- स: गच्छति (प्रथम पुरुष एकवचन), तौ पठत: (प्रथम पुरुष द्विवचन), ते लिखन्ति (प्रथम पुरुष बहुवचन) ।

मध्यम पुरुष :- जिसे सामने से कहा जाता है, वह **मध्यम पुरुष** होता है। जैसे-त्वं पठसि (मध्यम पुरुष एकवचन), युवाम् गच्छथ: (मध्यम पुरुष द्विवचन), यूयम् क्रीडथ (मध्यम पुरुष बहुवचन)।

उत्तम पुरुष:- जो कहने वाला होता है, उसे **उत्तम पुरुष** कहते हैं। जैस- अहं गच्छामि (उत्तम पुरुष एकवचन), आवाम् पठाव: (उत्तम पुरुष द्विवचन), वयम् लिखाम: (उत्तम पुरुष बहुवचन) ।

लकार

लट् लकार (वर्तमान काल) :- क्रिया के जिस रूप से कार्य का वर्तमान समय में होना पाया जाता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं, वर्तमान काल में लट् लकार का प्रयोग होता है।

उदहारण -

राम घर जाता है - राम: गृहं गच्छति ।

- क्रिया हमेशा अपने कर्ता के अनुसार ही प्रयुक्त होती है। कर्ता जिस पुरुष, वचन तथा काल का होता है, क्रिया भी उसी पुरुष, वचन तथा काल की ही प्रयुक्त होती है।
- मध्यम पुरुष में युष्मद् शब्द (त्वम्) के रूप तथा उत्तम पुरुष में अस्मद् शब्द (अहम्) के रूप ही प्रयुक्त होते हैं। अन्य जितने भी संज्ञा या सर्वनाम के रूप हैं, वे सब प्रथम पुरुष में ही प्रयोग किये जाते हैं।

लट् लकार के कुछ उदाहरण

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	वह पढ़ता है। (सः पठति ।)	वे दोनों पढ़ते हैं। (तौ पठतः)	वे सब पढ़ते हैं। (ते पठन्ति ।)
मध्यम पुरुष	तुम पढ़ते हो। (त्वं पठसि)	तुम दोनों पढ़ते हो। (युवां पठथः ।)	तुम सब पढ़ते हो। (यूयं पठथा)
उत्तम पुरुष	मैं पढ़ता हूँ। (अहं पठामि।)	हम दोनों पढ़ते हैं। (आवां पठावः ।)	हम सब पढ़ते हैं। (वयं पठामः ।)

- युष्मद् तथा अस्मद् के रूप स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग में एक समान ही होते हैं।
- वर्तमान काल की क्रिया के आगे 'स्म' जोड़ देने पर वह भूतकाल की हो जाती है,
- जैसे- रामः गच्छति । (राम जाता है), वर्तमान काल
- रामागच्छति स्म। (राम गया था) भूत काल ।

लिट् लकार (परोक्ष भूत काल) :- यह बहुत पहले हुई घटना को दिखाता है जो कार्य आँखों के सामने नहीं होता है, उसे परोक्ष भूतकाल कहते हैं।

जैसे :- वाल्मीकि ने रामायण लिखी। ईश्वर ने संसार की रचना की ।

लिट् लकार के कुछ उदाहरण

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	उसने पढ़ा। (सः पपाठ ।)	उन दोनो ने पढ़ा। (तौ पेठतुः ।)	उन सबने पढ़ा। (ते पेठुः ।)
मध्यम पुरुष	तुमने पढ़ा। (त्वं पेठिथ)	तुम दोनों ने पढ़ा। (युवां पेठथुः)	तुम सबने पढ़ा। (यूयं पेठ ।)
उत्तम पुरुष	मैंने पढ़ा। (अहं पपाठ ।)	हम दोनों ने पढ़ा। (आवां पेठिव ।)	हम सबने पढ़ा। (वयं पेठिम

लङ् लकार (भूत काल) :- जिससे बीते समय का बोध होता होता है उसे लङ् लकार कहते है।

लङ् लकार के उदाहरण

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	उसने पढ़ा। (सः अपठत् ।)	उन दोनों ने पढ़ा। (तौ अपठताम् ।)	उन सबने पढ़ा। (ते अपठन् ।)
मध्यम पुरुष	तुमने पढ़ा। (त्वम् अपठः ।)	तुम दोनों ने पढ़ा। (युवाम् अपठतम्।)	तुम सबने पढ़ा। (ते अपठन् ।)

उत्तम पुरुष	मैंने पढ़ा। (अहम् अपठम् ।)	हम दोनों ने पढ़ा। (आवाम् अपठाव ।)	हम सबने पढ़ा। (वयम् अपठाम्।)

लृट् लकार (सामान्य भविष्यत काल) :- सामान्य भविष्यत काल में 'लुट् लकार का प्रयोग किया जाता है। क्रिया के जिस रूप से उसके भविष्य में सामान्य रूप से होने का पता चले, उसे सामान्य भविष्यत काल कहते हैं; जैसे- शमा पुस्तकं पठिष्यति । (शमा पुस्तक पढ़ेगी ।)

लृट् लकार के उदाहरण

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	वह पढ़ेगी। (सा पठिष्यति ।)	वे दोनों पढ़ेगे। (तौ/ते पठिष्यतः।)	वे सब पढ़ेंगे। (ते पठिष्यन्ति।)
मध्यम पुरुष	तुम पढ़ोगे। (त्वं पठिष्यसि ।)	तुम दोनों पढ़ोगे। (युवां पठिष्यथः ।)	तुम सब पढ़ोगे। (यूयं पठिष्यथ ।)
उत्तम पुरुष	मैं पढ़ूंगा। (अहं पठिष्यामि ।)	हम दोनों पढ़ेंगे। (आवां पठिष्यावः ।)	हम सब पढ़ेंगे। (वयं पठिष्यामः ।)

लोट् लकार (आज्ञार्थक) :- आज्ञा, अनुमति, आशीर्वाद, प्रार्थना आदि का बोध कराने के लिये लोट् लकार का प्रयोग किया जाता है। जैसे :-

- आज्ञा- त्वं गृहं गच्छ (तुम घर जाओ ।)
- अनुमति - अहं कुत्र गच्छानि ? (मैं कहाँ जाऊँ?)
- आशीर्वाद त्वं चिरंजीव । (तुम बहुत समय तक जियो।)
- प्रार्थना - भवान मम गृहं आगच्छतु । (आप मेरे घर आयें।)

लोट् लकार के उदाहरण

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	वह पढ़े। (सः पठतु।)	वे दोनों पढ़े। (तौ पठताम् ।)	वे सब पढ़े। (ते पठन्तु ।)
मध्यम पुरुष	तुम पढ़ो। (त्वं पठ।)	तुम दोनों पढ़ो। (युवां पठतम् ।)	तुम सब पढ़ो। (यूयम् पठत।)
उत्तम पुरुष	मैं पढ़ूँ। (अहं पठानि ।)	हम दोनों पढ़े। (आवां पठाव ।)	हम सब पढ़े। (वयं पठाम ।)

विधिलिङ् लकार (चाहिए के अर्थ में) :- यह कर्तव्य को दिखता है। विधि (चाहिये), निमन्त्रण, आदेश, विधान, उपदेश, प्रश्न तथा प्रार्थना आदि अर्थों का बोध कराने के लिये विधिलिङ् लकार का प्रयोग किया जाता है; जैसे :-

- सत्यं ब्रूयात । (सत्य बोलना चाहिये),

- भवान अद्य अत्र भक्षयेत्। (आप आज यहाँ भोजन करें ।)

विधि लिङ्लकार के उदाहरण

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	उसे पढ़ना चाहिये। (सः पठेत् ।)	उन दोनों को पढ़ना चाहिये। (तौ पठेताम्	उन सबको पढना चाहिए । (ते पठेयुः ।)
मध्यम पुरुष	तुम्हें पढ़ना चाहिये। (त्वं पठे।)	तुम दोनों को पढ़ना चाहिये। (युवां पठेतम् ।)	तुम सबको पढ़ना चाहिये। (यूयं पठेत ।)
उत्तम पुरुष	मुझे पढ़ना चाहिये। (अहं पठेयम्।)	हम दोनों को पढ़ना चाहिये। (आवां पठेव् ।)	हम सबको पढ़ना चाहिये। (वयं पठेमः ।)

कारक

क्रिया को जो करता है अथवा क्रिया के साथ जिसका सीधा अथवा परम्परा से सम्बन्ध होता है, वह 'कारक' कहा जाता है।

विभक्ति :- जिसके द्वारा कारकों और संख्याओं को विभक्त किया जाता है उसे विभक्ति कहते हैं।

विभक्ति के प्रकार : विभक्तियाँ सात हैं-

- प्रथमा
- द्वितीया
- तृतीया
- चतुर्थी
- पंचमी
- षष्ठी
- सप्तमी

विभक्ति एवं कारकों का ज्ञान

कारक	चिह्न	विभक्ति
कर्ता	ने	प्रथमा
कर्म	को	द्वितीया
करण	से, द्वारा	तृतीया
सम्प्रदान	के लिए	चतुर्थी
अपादान	से (अलग होने में)	पंचमी
सम्बन्ध	का, के, की, रा, रे, री	षष्ठी

अधिकरण	में, पे, पर	सप्तमी
सम्बोधन	हे, ओ, अरे	प्रथमा

कर्ता कारक :- कर्ता के जिस रूप से क्रिया के करने वाले का पता चलता हो उसे कर्ता करक कहा जाता है। । कर्ता कारक का विभक्ति चिन्ह 'ने' है।

जैसे:-

- वह किताब पढता है। (सः पुस्तकम् पठति)
- राधा गीत गाती है । (राधा गीतं गायति)
- यहाँ सः और राधा कर्ता कारक है ।
- कर्ता कारक में प्रथमा विभक्ति होती है।

कर्म कारक :- वह वस्तु या व्यक्ति जिस पर वाक्य में की गयी क्रिया का प्रभाव पड़ता है वह कर्म कारक कहलाता है। अथवा वाक्य में हो रहे कार्य का फल अर्थात प्रभाव जिसपर पड़ता है, उसे कर्म कारक कहते हैं। कर्म कारक का विभक्ति चिन्ह 'को' होता है। जैसे :-

- रमेश फल खाता है (रमेशः फलम् खादति)
- मोहन दूध पिता है (मोहन दुग्धं पिबति)
- यहाँ फलम् और दुग्धं कर्म कारक है
- कर्म कारक में द्वितीया विभक्ति होती है।

करण कारक :- जिसकी सहायता से कोई कार्य किया जाए, उसे करण कारक कहते हैं। इसके विभक्ति - चिह्न 'से' 'के द्वारा है। जैसे :-

- राम ने रावण को तीर से मारा। (रामः रावणं वाणेन हतवान्)
- वह मुख से बोलता है। (सः मुखेन वदति)
- यहाँ मारने में "तीर" और बोलने में "मुख" सहायक है, इसलिए दोनों में करण कारक होगा ।
- करण कारक में तृतीया विभक्ति होती है।

सम्प्रदान कारक :- जिसके लिए कोई क्रिया या काम किया जाता हो, उसे सम्प्रदान कारक कहते है। अर्थात जिसके लिए कुछ किया जाय या जिसको कुछ दिया जाय, इसका बोध कराने वाले शब्द के रूप को सम्प्रदान कारक कहते है।

- इसकी विभक्ति चिह्न 'को' और 'के लिए है। जैसे :-
- माता बालक को लड्डू देती है। (माता बालकाय मोदकम् ददाति)
- राजा ब्राह्मण को वस्त्र देते हैं। (राजा विप्राय वस्त्रं ददाति)
- सम्प्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है।

अपादान कारक :- जिस निश्चित स्थान से कोई वस्तु या व्यक्ति अलग होता है, उस निश्चित स्थान को अपादान कारक कहते हैं।

अपादान कारक का विभक्ति चिह्न " से (अलग)" होता है। जैसे :-

- वह घर से आता है। (सः गृहात् आगच्छति)
- पेड़ से पत्ते गिरते हैं। (वृक्षात् पत्राणि पतन्ति)

- यहाँ 'गृहात्' और 'वृक्षात्' अपादान कारक है, क्योंकि ये दोनों निश्चित स्थान है जिससे क्रमशः व्यक्ति और वस्तु अलग हो रही है।
- अपादान कारक में पंचमी विभक्ति होती है।

संबंध कारक :- शब्द के जिस रूप से एक का दूसरे से संबंध पता चले, उसे संबंध कारक कहते हैं। अथवा संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप की वजह से एक वस्तु की दूसरी वस्तु से संबंध का पता चले उसे संबंध कारक कहते हैं। इसके विभक्ति चिन्ह का, के, की, रा, रे, री आदि होते हैं। इसकी विभक्तियाँ संज्ञा, लिंग, वचन के अनुसार बदल जाती हैं। जैसे-

- यह राहुल की किताब है। - इस वाक्य में 'राहुल की ' संबंध कारक है, क्योंकि यह राहुल का किताब से संबंध बता रहा है।
- यह सोहन का बेटा है। - इस वाक्य में सोहन का बेटे से संबंध प्रकट हो रहा है। अतः यहाँ संबंध कारक है।
- सम्बन्ध करक में षष्ठी विभक्ति होती है।

अधिकरण कारक

शब्द के जिस रूप से क्रिया के आधार का बोध होता है उसे अधिकरण कारक कहते हैं। इसकी विभक्ति चिह्न 'में' और 'पर' होती है।

जैसे -

- पानी में मछली रहती है। - इस वाक्य में पानी में अधिकरण कारक है, भँवरा
- फूलों पर मँडरा रहा है। - इस वाक्य में फूलों पर अधिकरण कारक है।
- अधिकरण कारक में सप्तमी विभक्ति होती है।

वाच्य परिवर्तन

संस्कृत भाषा में तीन वाच्य होते हैं-

- कर्तृवाच्य,
- कर्मवाच्य
- भाववाच्य

कर्तृवाच्य :- कर्तृवाच्य में कर्ता की प्रधानता होती है, कर्तृवाच्य के कर्ता में प्रथमा विभक्ति होती है। इसलिए क्रिया में लिङ्ग, पुरुष व वचन कर्ता के अनुसार होता है। जैसे - रामः पुस्तकं पठति (रामः = कर्ता, पुस्तकं = कर्म, पठति = क्रिया)

- बालकः विद्यालयं गच्छति।
- बालको विद्यालयं गच्छतः।
- बालकाः विद्यालयं गच्छन्ति।
- त्वं किं करोषि ?

कर्मवाच्य :- इसमें कर्म की प्रधानता होती है। अतः क्रिया में लिङ्ग, पुरुष व वचन कर्म के अनुसार होता है। कर्तृवाच्य का कर्ता कर्मवाच्य में तृतीया विभक्ति में होता है और कर्म प्रथमा विभक्ति में होता है। यहाँ सभी धातुएँ आत्मनेपद में होती हैं और बीच में 'य' जुड़ता है। जैसे- रामेण (अनुक्त कर्ता) ग्रन्थ : (उक्त कर्म) पठ्यते (क्रिया आत्मनेपदी)

- छात्रेण विद्यालयः गम्यते ।
- छात्राभ्यां पुस्तके पठ्येते ।

- अस्माभिः पद्यानि पठ्यन्ते ।

भाववाच्य :- भाववाच्य, अकर्मक धातु से बनता है। यहाँ क्रिया केवल भाव को सूचित करती है। अकर्मक धातु में कर्म नहीं रहता इसीलिए प्रथमा विभक्ति इस वाच्य में नहीं होती। इस वाच्य के कर्ता में तृतीया और क्रिया प्रथम पुरुष, एकवचन की होती है। जैसे- मया भूयते । यहाँ मया कर्ता है जो तृतीया विभक्ति से युक्त है और क्रिया प्रथमा पुरुष एकवचन की है।

वाच्य के उदाहरण

कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य

कर्तृवाच्य	कर्मवाच्य
रामः तं पश्यति (राम उसको देखता है)	रामेण स दृश्यते (राम के द्वारा वह देखा जाता है)
सत्वां पश्यति (वह तुमको देखता है)	तेन त्वं दृश्यते (उसके द्वारा तुम देखे जाते हो)
अहं श्लोकं पठामि	मया श्लोकः पठ्यते
मोहनः पुस्तकं पठति	मोहनेन पुस्तकं पठ्यते
कृषकः अजां नयति	कृषकेण अजा नियते
सीतया गीतः गीयते	सीता गीतं गामति

अयं बालक: पुस्तकं पठति	अनेन बालकेन पुस्तकं पठ्यते
अहं कथां पठामि	मया कथा पठ्यते
अहं कथे पठामि	मया कथे पठयेते
अहं कथा: पठामि	मया कथा: पठ्यन्ते
रमा श्लोकान् पठति	रमया श्लोका: नियते
बालका: फलानि खादन्ति	बालकै: फलानि खाद्यन्ते

कर्तृवाच्य और भाववाच्य

कर्तृवाच्य	भाववाच्य
मयूरा नृत्यन्ति (मोर नाचते हैं)	मयूरी नृत्यते (मयूरो द्वारा नाचा जाता है)
वयम् अन्नेन जीवाम: (हम अन्न पर जीते हैं)	अस्माभि: अन्नेन जीव्यते (हम लोगों द्वारा अन्न पर जीया जाता है)
विवेकिना सदा जागर्यते	विवेकी सदा जागर्ति

रात्रौ चन्द्रेण योत्यते	रात्री चन्द्रः द्योतते
ते तत्र तिष्ठन्ति	तैः तत्र स्थीयते
भवान् कुत्र शेते ?	भवता कुत्र शय्यते ?
बालिकाः खेलन्ति	बालिकैः खेल्यते

गद्यांश - श्लोकं

निम्नलिखि गद्यांश पढ़कर प्र. सं. 1 एवं 2 के उत्तर दीजिए ।

समाजे सर्वत्र दुर्जनाः पीड्यन्ति जनान् । यद्यपि सज्जनानां संख्या अधिका अस्ति तथापि दुर्जना एव प्रबलाः इति महदाश्चर्यम्। यतो हि सज्जनाः प्रायः तटस्थाः भवन्ति । यदि दुर्जनानां प्रतिपदं विरोधं सज्जनाः करिष्यन्ति तहि निश्चयेन समाजः निर्भयो भविष्यति ।

1. उपर्युक्त गद्य के अनुसार, समाज में किसकी संख्या कम है?

(a) निर्भयों की

(b) शिक्षकों की

(c) सज्जनों की

(d) दुर्जनों की

ANS: D

व्याख्याः- उपर्युक्त गद्य के अनुसार, समाज में दुर्जनों की संख्या कम है। यद्यपि सज्जनों की संख्या अधिक है, फिर भी दुर्जन ही प्रबल हैं। यह बहुत आश्चय ही

2. उपर्युक्त गद्य के अनुसार, दुष्ट लोग समाज में क्यों प्रबल दिखते हैं?

(a) क्योंकि उनकी पहुँच होती है।

(b) क्योंकि सज्जन तटस्थ रहते हैं।

(c) क्योंकि वे धनी होते हैं।

(d) क्योंकि उनकी संख्या अधिक होती है ।

ANS : B

व्याख्याः- दुष्ट लोग समाज में इसलिए प्रबल हैं, क्योंकि सज्जन तटस्थ रहते हैं।

निम्नलिखित श्लोक को पढ़िए तथा इससे सम्बद्ध प्रश्न सं . 3 एवं 4 के उत्तर दीजिए ।

महान् वृक्षो जायते वर्धते च तं चैव भूतानि समाश्रयन्ति ।

यदा वृक्षश्छिद्यते दयते च तदाश्रया अनिकेता भवन्ति ।।

3. इस श्लोक का भाव है-

(a) वृक्ष को कटाना या जलाना नहीं चाहिए।

(b) वृक्ष पर सारे प्राणी आश्रित होते हैं।

(c) वृक्ष महान् होता है।

(d) प्राणी जो वृक्ष पर आश्रित होते हैं, वृक्ष के नष्ट होने पर वे भी निराश्रित हो जाते हैं।

ANS: D

व्याख्या:- उपर्युक्त श्लोक का भाव यह है कि प्राणी जो वृक्ष पर आश्रित होते हैं, वृक्ष के नष्ट होने पर वे भी निराश्रित हो जाते हैं।

4. उपर्युक्त श्लोक में 'भूतानि' का तात्पर्य है-

(a) आश्रय

(b) प्राणी

(c) वृक्ष

(d) नाश

ANS : B

व्याख्या:- उपर्युक्त श्लोक में 'भूतानि' का तात्पर्य प्राणी है। प्राणी वृक्ष पर आश्रित होते हैं। जब वृक्ष को लोग काटना और जलाना शुरू कर देंगे, तो प्राणी निराश्रित हो जाएंगे।

निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें तथा उससे सम्बन्धित प्रश्न सं . 5 एवं 6 के उत्तर दें।

ये नामाद्वैतवादिनस्तेऽपि परमार्थतो नास्तिका एव । तेषामीश्वरस्तु कश्चिद्विलक्षण एव । जगत्कर्ताऽपि स्वयं न किमपि करोति, सर्वनियन्ताऽपि सभ्यगुदासीनस्तिष्ठति, सः सर्वतः पाणिपादोऽपि न किञ्चिद्गृह्णाति, न च पादमेकमपि गच्छति, सर्वतोऽक्षिशिरोमुखोऽपि न किञ्चिद्वदति, न कस्यापि करुणात्तप्रलापमाकर्णयति, न कस्मिंश्चिद्दयते, न कंयिश्चदुद्धरति त्रायते वा । एवमद्भुतमीश्वरमालोक्यालङ्कारिकैः खलु विरोधाभावस्याविर्भावः कृतः ।

5. गद्यखण्डेऽस्मिन् कस्य विषयस्य व्याख्यानं वर्तते ?

(a) अदवैतवादिनः

(b) आलङ्कारिकस्य

(c) परमेश्वरस्य

(d) नास्तिकस्य

Ans. (a)

व्याख्याः- इस गद्य खण्ड में अद्वैतवादियों का व्याख्यान है।

6. अद्भुतमीश्वरमालोक्य आलङ्कारिकैः कस्य अलंकारस्याविर्भावः कृतः।

(a) अतिशयोक्तेः

(b) अद्भुतस्य

(c) विरोधाभासस्य

(d) रूपकस्य

Ans. (c)

व्याख्याः- इस प्रकार के अद्भुत ईश्वर के स्वरूप को देखकर या जानकर अलंकारशास्त्रियों ने विरोधाभास अलंकार का आविर्भाव किया है।

निर्देश : निम्नलिखित गद्यावतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 7 से 9 तक का सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।

परेषाम् उपकरणमेव 'परोपकार' इति कथ्यते । परोपकरणं मानवानामेक: सात्विक: सद्गुण: स्वीकृत: । परोपकारसद्गुणेन मानवेषु सहयोग भावना वर्धते । यदि वयं परेषां जनानां उपकारं करिष्याम: तर्हि परेऽपि अस्माकं हितं विधास्यन्ति । परस्परोपकरणेनैव अस्माकं कल्याणं भवितुं शक्यते। जन-कल्याणायैव सत्पुरुष: मनसा, वाचा, कर्मणा च परोपकाररता: दृश्यन्ते । सत्पुरुषाणां सम्पत्तय: परजीवेभ्य: एव भवन्ति।

धर्मशास्त्रेषु परोपकारस्य महत्त्वं विशदरूपेण वर्णितम् । सत्परोपकारी तु स एव भवति य: स्वार्थं विहाय परेषां हितसाधने रमते । अनेकानि उदाहरणान्यपि तत्र वर्तते। महर्षि: दधीचि, रन्तिदेव या को न जानाति । प्रकृतिरपि परोपकाररता: दृश्यन्ते । नद्य: परार्थमेव जलं वहन्ति । वृक्षा: परहितायैव फलन्ति । गाव: स्वदुग्धं परेभ्य: एवं यच्छन्ति । परोपकाररूपं सद्गुणं सदैव उपार्जयेयु:। परोपकारभावनयैव अस्माकं, अस्माकं देशस्य च कल्याणं भवितुं शक्यते।

7. सत्पुरुषाणां सम्पत्तय: भवन्ति

(a) स्व-पुत्रेभ्य:

(b) स्व-मित्रेभ्य:

(c) परजीवेभ्य:

(d) स्व-वंशेभ्य:

Ans : (c)

व्याख्या:- सत्पुरुषाणां सम्पत्तय: परजीवेभ्य: भवन्ति अर्थात् सत्पुरुषों की सम्पत्तियाँ दूसरों के लिए होती है तथा दूसरों का किया गया उपकार परोपकार की श्रेणी में आता है। परोपकार को पुराणों में भी व्यक्त किया गया है ।

8. 'सदैव' पद में सन्धि है

(a) यण्

(b) वृद्धि

(c) गुण

(d) अयादि

Ans : (b)

व्याख्याः- 'सदैव' पद में वृद्धि सन्धि है। इसका विच्छेद होगा - सदा+एव।

9. परोपकारस्य महत्त्वं विशदरूपेण वर्णितम्

(a) भक्तिशास्त्रेषु

(b) धर्मशास्त्रेषु

(c) न्यायशास्त्रेषु

(d) सांख्यदर्शनेषु

Ans : (b)

व्याख्याः- परोपकारस्य महत्त्वं विशदरूपेण धर्मशास्त्रेषु वर्णितम् अर्थात् परोपकार का महत्त्व विशेष रूप से धर्मशास्त्रों में वर्णित है।